an>

Title: Need to provide clean drinking water in villages in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा के तीन तहसील शैगांव, संग्रामपुर एवं जलगांव (जामौद) के 200 गांवों के लोगों को टी.डी.एस. 500 से ऊपर ग्रेड का नमकीन पानी पीना पड़ रहा है जिससे हजारों लोगों की किडनी खराब होने से मौत हो चुकी है। हज़ारों की संख्या में जो लोग किडनी की बीमारी से ग्रस्त है। बुलढाणा जिले में डायलिसिस सेंटर में जो मशीन है वह खराब पड़ी है। सरकार ने 140 गांव में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु योजना तैयार की है जिस पर तुरन्त काम होना चाहिए और प्रत्येक तहसील में डायलिसिस सेन्टर बनाकर वहां मशीन और डॉक्टरों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में नमकीन पानी से प्रभावित गांवों में शुद्ध पेय जल की योजना पर शीघ्र काम किया जाये।